## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल

# डब्ल्यूटीसी के स्टीव स्मिथ 66 रन बनाकर आउट ऐडन मार्करम ने फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक की

**लंदन (एजेंसी)।**




वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बुधवार को मैच का पहला दिन है। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे सेशन में 5 विकेट पर 167 रन बना लिए हैं। ब्यू वेबस्टर (49 रन) और एलेक्स कैरी (5 रन) नाबाद हैं।

स्टीव स्मिथ 67 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ऐडन मार्करम ने मार्को यानसन के हाथों कैच कराया। लंच से पहले मार्को यानसन ने ट्रैविस हेड (11 रन) और मार्नस लाबुशेन (17 रन) को पवेलियन भेजा। कगिसो रबाडा ने ओपनर उस्मान ख्वाजा (शून्य) और कैमरन ग्रीन (4 रन) के विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया के पास लगातार दूसरा डब्ल्यूटीसी टाइटल जीतने का मौका है। टीम ने 2023 में भारत को हराकर खिताब जीता था। वहीं साउथ अफ्रीका जीती तो टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने वाली तीसरी टीम बनेगी। उनसे पहले न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने टाइटल जीता है। टीम इंडिया 2 बार रनर-अप रही है।

42वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने 5वां विकेट गंवाया। यहां ऐडन मार्करम ने स्टीव स्मिथ को फर्स्ट स्लिप पर मार्को यानसन के हाथों कैच कराया। यानसन पहले दो प्रयास पर कैच नहीं ले सके, लेकिन उन्होंने आखिरी प्रयास में लंबाई का फायदा उठाकर कैच पूरा किया। इसी के साथ मार्करम अर्धशतकीय साझेदारी को ब्रेक करने में सफल रहे। स्टीव स्मिथ 112 बॉल पर 66 रन बनाकर आउट हुए।

### स्मिथ और वेबस्टर की फिफ्टी पार्टनरशिप




36वें ओवर में स्टीव स्मिथ और ब्यू वेबस्टर ने 5वां विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। स्मिथ ने एनगिडी के ओवर की आखिरी बॉल पर एक रन लेकर साझेदारी को 50 रन तक पहुंचाया।

33वें ओवर में स्टीव स्मिथ ने कगिसो रबाडा की पहली बॉल पर कट करते हुए चौका लगाया और फिफ्टी पूरी की। उन्होंने टेस्ट करियर का 42वां अर्धशतक पूरा किया। इसी चौके से ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 100 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया है।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी कंगारू टीम ने पहले सेशन में 4 विकेट गंवा दिए। टीम ने 67 रन बनाए। मार्नस लाबुशेन 17, ट्रैविस हेड 11 और कैमरन ग्रीन 4 रन बनाकर आउट हुए। ओपनर उस्मान ख्वाजा 20 गेंदें खेलने के बाद भी खाता नहीं खोल सके।

साउथ अफ्रीका से कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने 2-2 विकेट लिए। यानसन ने 24वें ओवर में ट्रैविस हेड का विकेट लिया, इसी के साथ लंच भी घोषित कर दिया गया। स्टीव स्मिथ 26 रन बनाकर नॉटआउट लौटे।


24वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने चौथा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की दूसरी बॉल मार्को यानसन ने लेग स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। ट्रैविस हेड फ्लिक करने गए, लेकिन गेंद उनके बैट से लगकर विकेटकीपर की ओर चली गई। काइल वेरियरन ने अपनी दाईं ओर डाइव लगाई और एक हाथ से बेहतरीन कैच पकड़ लिया। हेड 11 रन बनाकर आउट हुए।20वें ओवर की आखिरी बॉल पर ट्रैविस हेड ने मार्को यानसन के खिलाफ चौका लगाया। इसी के साथ उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की फिफ्टी पूरी करा दी। स्टीव स्मिथ उनके साथ नॉटआउट रहे। 18वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने तीसरा विकेट भी गंवा दिया है। यहां मार्नस लाबुशेन 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मार्को यानसन ने विकेटकीपर काइल वेरियन के हाथों कैच कराया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 50 रन के अंदर तीसरा विकेट गंवाया है। रबाडा ने उस्मान ख्वाजा और कैमरून ग्रीन के विकेट लिए।

कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने 9 ओवर का पहला स्पेल फेंका। 10वें ओवर में यानसन की जगह लुंगी एनगिडी बॉलिंग करने आए।

# पूजा टिकमाणी ने तेज हाफ मैराथन में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**अहमदाबाद (वीएनएस)।**



सबसे तेज हाफ मैराथन का रिकार्ड बनाने वाली पूजा टिकमाणी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। गुजरात में अहमदाबाद शहर की पूजा टिकमाणी ने बताया कि 12 जनवरी को अहमदाबाद में आयोजित बीसफल हाफ मैराथन अहमदाबाद में 20 पाउंड का बैकपैक लेकर सबसे तेज हाफ मैराथन पूरी करने का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ने उन्हें रविवार को इस पुरस्कार से सम्मानित किया ।

उन्होंने बताया कि वह पेशे से एक व्यवसायी महिला होने के साथ-साथ दौड़ने की शौकीन है। उन्होंने अपने 45वें जन्मदिन पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराकर वैश्विक मंच पर एक अनूठी छाप छोड़ी है। इस उम्र में यह उपलब्धि हासिल करके उन्होंने साबित कर दिया है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है।

## हिमाचल की बेटियों ने बीच कबड्डी में जीता रजत



**हिमाचल प्रदेश।** हिमाचल की बेटियों ने आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम स्थित मांगीनापुड़ी बीच पर आयोजित 12वीं राष्ट्रीय बीच कबड्डी चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश की महिला टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक पर कब्जा जमाया है। फाइनल में हिमाचल का मुकाबला हरियाणा से हुआ, जिसमें हरियाणा की टीम ने 47 अंक बनाए जबकि हिमाचल 35 अंकों पर सिमट गई। इससे पहले सेमीफाइनल में हिमाचल ने पंजाब को एकतरफा मुकाबले में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं हरियाणा ने उत्तर प्रदेश को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

# निकोलस पूरन को एमआई न्यूयॉर्क टीम की कप्तानी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज़ निकोलस पूरन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास लेकर क्रिकेट फैंस को चौंका दिया है. महज 29 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने के फैसले पर उन्हें सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल भी किया गया। लेकिन अब पूरन को अंबानी परिवार ने बड़ा तोहफा दिया है।




रिटायरमेंट के ठीक अगले दिन ही पूरन को मेजर लीग क्रिकेट (MLC) की एमआई न्यूयॉर्क टीम की कप्तानी सौंप दी गई है। पूरन ने कीरोन पोलार्ड को रिप्लेस किया है, जो इससे पहले टीम की कमान संभाल रहे थे।

**एमआई न्यूयॉर्क के लिए शानदार प्रदर्शन**

निकोलस पूरन 2023 और 2024 में एमआई न्यूयॉर्क के लिए खेले थे। 2023 में उन्होंने 8 मैचों में 388 रन और 2024 में 7 मैचों में 180 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 1 शतक और 3 अर्धशतक लगाए।

## 12वीं जूनियर एशियन वुशू चैंपियनशिप के युवराज का चयन



**भिवानी।** खेल नगरी के नाम से मशहूर भिवानी एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने जा रही है। स्थानीय हनुमान गेट स्थित कवि सूरजभान अजायब कॉलोनी निवासी कवि सूरजभान अजायब के पौत्र युवराज बामणिया भारत सूरजभान का चयन जुलाई माह में चीन में होने वाली 12वीं जूनियर एशियन वुशु चैंपियनशिप के लिए 45 किलोग्राम भार वर्ग में हुआ है। यह प्रतियोगिता पूरे एशिया के श्रेष्ठ युवा वुशु खिलाड़ियों को एक मंच पर लाने जा रही है और भिवानी के युवराज इसमें भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। युवराज की इस उपलब्धि से जिले में खुशी की लहर है। खेल से जुड़े विशेषज्ञों और प्रशिक्षकों का कहना है कि युवराज का यह चयन उसकी कठिन मेहनत, अनुशासन और समर्पण का प्रतिफल है।


## विश्वकप 2026 में जगह बनाने में विफल रहने पर चिली के कोच गारेका ने दिया इस्तीफा



**एल ऑल्टो (बोलीविया)।** बोलीविया के हाथों मंगलवार को 0-2 से मिली शिकस्त के बाद चिली के हेड कोच रिकार्डो गारेका ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस हार के साथ चिली की फीफा विश्व कप-2026 के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें खत्म हो गई हैं। एल ऑल्टो के म्युनिसिपल स्टेडियम में मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गारेका ने कहा, हमने कोचिंग स्टाफ के साथ एक फैसला लिया और खिलाड़ियों को बताया कि हम ऐसे हालात को कम करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, हमने नतीजे नहीं दिए।

# इंग्लैंड ने टी-20 सीरीज में वेस्टइंडीज को 37 रन से हरा किया सूपड़ा साफ

**साउथम्पटन (एजेंसी)।**




इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 सीरीज का तीसरा और अंतिम मुकाबला साउथैम्पटन के रोज बाउल स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में मेजबान इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 37 रनों से हराकर सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया। इस हाई स्कोरिंग मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 248 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर बैटिंग करने के बाद 8 विकेट के नुकसान पर 211 रन ही बना सकी। इस मैच में शानदार बल्लेबाजी करने वाले बेन डकेट को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। वहीं जोस बटलर ने प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड अपने नाम किया।

### बेन डकेट और जेमी स्मिथ ने खेली तूफानी पारी

मुकाबले की बात करें तो वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को पहले बैटिंग करने के लिए कहा। जेमी स्मिथ और बेन डकेट ने इस मैच में इंग्लैंड को तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों ने मिलकर 8.5 ओवर में 120 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। स्मिथ 26 गेंदों में 60 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। इस दौरान उन्होंने चार चौके और पांच छक्के लगाए। इसके बाद जोस बटलर और बेन डकेट के बीच दूसरे विकेट के लिए 34 रनों की साझेदारी हुई। बटलर को इस मैच में भी अच्छी शुरुआत मिली लेकिन उसे वो बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए और 10 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हो गए।

### वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज हुए फ्लॉप

249 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स और एविन लुईस 9-9 रन बनाकर चलते बने। दो विकेट जल्दी गिरने के बाद शाई होप और शिमरन हेटमायर ने पारी को संभालने की कोशिश की। होप 27 गेंदों में 45 रन बनाकर आउट हुए, वहीं हेटमायर ने 8 गेंदों में 26 रन बनाए। वेस्टइंडीज की टीम एक वक्त तक 120 के स्कोर पर 6 विकेट गंवा चुकी थी।

# भारत 2027 एशियाई कप क्वालीफायर मैच में हांगकांग से 0-1 से हारा

**हांगकांग (एजेंसी)।**



2027 एएफसी एशियन कप क्वालीफायर के अहम मैच में स्टीफन परेरा के इंजरी टाइम गोल के बाद भारतीय फुटबॉल टीम को मेजबान हांगकांग के हाथों 0-1 से करारी हार का सामना करना पड़ा। रेफरी ने हांगकांग को पेनल्टी तब दी जब भारत के गोलकीपर विशाल कैथ गोल लाइन से बाहर आए और गेंद को सुरक्षित तरीके से पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद माइकल उदेबुलुजोर से टकरा गई। परेरा (90 4) ने स्पॉट किक लेने के लिए कदम बढ़ाया और कैथ के दाईं ओर गेंद को शॉट किया, जिसे इंजरी टाइम फाउल के लिए पीला कार्ड भी दिखाया गया। इससे पहले, भारत के कोच मनोलो मार्केज़ ने अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री को शुरुआती एकादश से बाहर रखा।

नवनिर्मित काई टैक स्टेडियम में लाल गेंद की धूम थी, लेकिन मजबूत घरेलू समर्थन के बावजूद भारत ने पहले हाफ में कुछ मौके बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया, हालांकि हांगकांग ने अधिक समय तक गेंद पर कब्जा बनाए रखा। लेकिन, जैसा कि हाल के दिनों में चलन रहा है, पहले 45 मिनट में फिनिशिंग की कमी ने ब्लू टाइगर्स को फिर से निराश कर दिया। मध्यांतर से पहले जो अवसर आए, उनमें से 35वें मिनट में भारतीय टीम गोल करने के सबसे करीब पहुंची, लेकिन आशिक कुरुनियान ने नजदीक से शॉट मारकर गेंद को बाहर कर दिया, जब लिस्टन कोलाको ने उन्हें अच्छा क्रॉस देने के लिए बाईं ओर से दौड़ लगाई।

इस बीच, चोटिल होने के बाद चिकित्सा सहायता प्राप्त करने के बाद, कोलाको ने एक शक्तिशाली लंबी दूरी का शॉट लगाया, लेकिन वह सीधे गोलकीपर के दस्तानों में चला गया। खेल के हाफ टाइम के करीब आते ही हांगकांग का आत्मविश्वास भी बढ़ गया। होम टीम फ्री-किक से बढ़त ले सकती थी, अगर गोलकीपर विशाल कैथ को पछाड़ने के बाद आशीष राय ने समय पर गोल-मुंह से क्लीयरेंस नहीं किया होता।

# पैराग्वे को हराकर ब्राजील ने किया विश्वकप के लिए क्वालीफाई

**साओ पाउलो(एजेंसी)**



ब्राजील ने पैराग्वे को 1-0 से हराकर 2026 फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। नए कोच कार्लो एंचेलोटी के नेतृत्व में यह टीम की पहली जीत थी। रियल मैड्रिड के स्टार विनीसियस जूनियर ने 44वें मिनट में गोल करके ब्राजील को टूर्नामेंट में जगह दिलाई। 2026 फीफा वर्ल्ड कप कनाडा, अमेरिका और मेक्सिको में आयोजित होगा।

मैथ्यूस कुन्हा के क्रॉस पर विनीसियस जूनियर ने गोल कर दिलाई बढ़त पांच बार की वर्ल्ड चैंपियन ब्राजील को मैनचेस्टर यूनाइटेड के नए खिलाड़ी मैथ्यूस कुन्हा के क्रॉस पर विनीसियस जूनियर ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इससे पहले मैच के 35वें मिनट में कुन्हा गोल करने से चूक गए थे। पैराग्वे को क्वालीफाई करने के लिए एक अंक की जरूरत थी, जबकि ब्राजील को आगे बढ़ने के लिए जीत चाहिए थी। ब्राजील साउथ अमेरिकी स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर इसके साथ ब्राजील साउथ अमेरिकी स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर है, जहां उन्होंने 16 मैचों में 25 अंक जुटाए। वह टॉप-6 में रहकर वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करेगी। हार के बाद पैराग्वे 24 अंकों पर है। उन्हें 2010 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप में जगह बनाने के लिए अब सिर्फ एक अंक की जरूरत है।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में बेल्जियम को 2-1 से हराया



**भारत( एजेंसी )।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में बेल्जियम पर जीत का सिलसिला जारी रखते हुए जीत दर्ज की। भारत ने बेल्जियम के एंटवर्प में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में बेल्जियम की टीम को 2-1 के कड़े स्कोर से हराया। लालथंतलुंगी (35%) और गीता यादव (50%) ने भारत के लिए गोल किए। पहला हाफ गोल रहित रहा, क्योंकि दोनों टीमें कड़े मुकाबले में गतिरोध को तोड़ने में कामयाब नहीं हो सकीं। 35वें मिनट में, भारत ने आखिरकार पहला गोल किया, जब लालथंतलुंगी ने एक भाग्यशाली पेनल्टी स्ट्रोक को सफलतापूर्वक गोल में बदला।